**अमरोहा पुलिस-थाना गजरौला**
**प्रेस नोट - दिनाक 02.11.2024**

**ऑपरेशन दृष्टि-**
**थाना गजरौला एवं एसओजी/सर्विलांस टीम अमरोहा द्वारा स्कूल बस के ड्राईवर पर फायर करने सम्बन्धित घटना का सीसीटीवी कैमरों की मदद से किया गया सफल अनावरण,**
**बाद पुलिस मुठभेड 02 अभियुक्त सहित कुल 03 अभियुक्त गिरफ्तार,**
**अवैध असलहे व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल बरामद।**

श्रीमान पुलिस अधीक्षक अमरोहा महोदय श्री कुँवर अनुपम सिंह द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक अमरोहा श्री राजीव कुमार के मार्गदर्शन एवं क्षेत्राधिकारी धनौरा श्री स्वेताभ भास्कर के निकट पर्यवेक्षण थाना गजरौला पुलिस टीम द्वारा एसओजी/सर्विलांस टीम अमरोहा द्वारा बाद पुलिस मुठभेड स्कूल बस के ड्राईवर पर फायर करने वाले 02 अभियुक्तों सहित कुल 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अवैध असलहे 02 तमचें, खोखा/जिंदा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेण्डर बरामद हुई।

**संक्षिप्त विवरणः-** अवगत कराना है कि दिनांक 25.10.2024 को वादी श्री मोन्टी पुत्र हरपाल सैनी निवासी चौकपुरी थाना गजरौला जनपद अमरोहा द्वारा दी गयी तहरीर के आधार पर थाना गजरौला पर मु0अ0स0 713/2024 धारा 125/109/61(1)(2) बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया था। घटना की गम्भीरता के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा घटनास्थल का स्थलीय निरीक्षण किया गया व एसओजी/सर्विलांस सहित 15 पुलिस टीमें गठित कर घटना के शीघ्र अनावरण व अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु सम्बन्धित को निर्देशित किया गया।

इसी क्रम में आज दिनांक 02.11.2024 को थाना गजरौला पुलिस एवं एसओजी/सर्विलांस टीम द्वारा घटना में प्रकाश में आये अभियुक्त मनित पुत्र भोपाल निवासी नंगला माफी थाना गजरौला जनपद अमरोहा को गिरफ्तार किया गया जिससे पूछताछ के दौरान बताये गये स्थान पर नंगला माफी से आगे खेडकी भूड की और जाने वाली पक्की सडक पर चैकिंग के दौरान बाद पुलिस मुठभेड 02 अन्य अभियुक्त 1. आर्यन शर्मा पुत्र शिवकुमार शर्मा निवासी मौ0 विजयनगर कस्बा व थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा 2. नितिन पुत्र सुरेन्द्र निवासी मौ0 हैबतपुर चौधरीयान थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा को प्रातः गिरफ्तार किया गया जिनके कब्जे से अवैध असलहे 02 तमचें, खोखा/जिंदा कारतूस 315 बोर व घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेण्डर बरामद हुई। अभियुक्तों द्वारा पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया जिसमें पुलिस टीम बाल बाल बची। गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में अभियुक्तगण के विरुद्ध थाना गजरौला पर मु0अ0सं0 729/24 धारा 109 बीएन 3/25 आयुद्ध अधि0 में अभियोग पंजीकृत किया गया। अभियुक्तों को मा0 न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है।

**उल्लेखनीय है कि उक्त घटना के सफल अनावरण हेतु अमरोहा पुलिस की गठित 15 टीमों द्वारा ऑपरेशन दृष्टि अभियान के तहत भिन्न भिन्न स्थानों पर लगे करीब 150 सीसीटीवी कैमरो की वीडियों फुटेज चैक करते हुए अभियुक्तों के आने व जाने वाले रास्तों का चिन्हाकन किया गया जिसके आधार पर घटना की साजिश रचने एंव घटना को अंजाम देने वाले अभियुक्तगण का पता लगाकर सफल अनावरण किया गया है।**

**पूछताछ विवरण:-** गिरफ्तार अभियुक्तों द्वारा बताया गया घटना से कुछ दिन पहले SRS पब्लिक स्कूल के बस ड्राइवर मोन्टी से ग्राम नंगला माफी में बस को पीछे करते समय मनित से बहस हो गयी थी जिसके बाद मनित ने अपने साथी आदित्य से सम्पर्क कर मोन्टी ड्राईवर से हुई कहासुनी के बारे में बताया। आदित्य ने इस बारे में अपने साथी नितिन एवं आर्यन निवासी हैबतपुर चौधरीयान धनौरा को बताया और साथ मिला लिया। हम स्कूल बस के ड्राईवर मोन्टी को सबक सिखाना चाहते थे जिससे हम सब ने आपस में मिलकर योजना बनायी तथा योजना के तहत दिनांक 25.10.2024 को बच्चों को गांव से स्कूल ले जाते समय नंगला माफी से आगे आम के बाग के सामने स्कूल बस को रोककर ड्राईवर मोन्टी को मारने के उद्देश्य से उसपर गोली चलाई थी जिसमें मोन्टी बच गया व बस को भगा कर ले गया और हम (नितिन, आदित्य, आर्यन) मौके से अपनी इसी मोटर साईकिल पर बैठकर गांव-गांव होते हुए भाग गये थे। घटना के बाद हम तीनों मनित से बराबर सम्पर्क में रहते हुए पुलिस के द्वारा की जा रही कार्यवाही की जानकारी लेते रहते थे।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण:-**

1. आर्यन शर्मा पुत्र शिवकुमार शर्मा निवासी मौ0 विजयनगर कस्बा व थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।
2. नितिन पुत्र सुरेन्द्र निवासी मौ0 हैबतपुर चौधरीयान थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।
3. मनित पुत्र भोपाल निवासी ग्राम नंगला माफी थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

**बरामदगी का विवरण:-**

1. 02 तमचें 315 बोर, एक खोखा कारतूस 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस 315 बोर।
2. घटना में प्रयुक्त मोटर साईकिल स्पलेण्डर संख्या यूपी 23 A 3035।

**गिरफ्तारी को शेष अभियुक्त:-**

1. आदित्य पुत्र राजीव निवासी ग्राम मौहम्मदपुर थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त नितिन:-**

1. मु0अ0स0 58/23 धारा 147/323/341/354ख/504/506 भादवि व 3(2)(5) एससी/एसटी एक्ट थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा
2. मु0अ0सं0 115/23 धारा 3(1) गैंगस्टर एक्ट थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।
3. मु0अ0सं0 510/22 धारा 392/411 भादवि थाना मण्डी धनौरा जनपद अमरोहा।
4. मु0अ0सं0 729/24 धारा 109 बीएन 3/25 आयुद्ध अधि0 भादवि थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
5. मु0अ0स0 713/2024 धारा 125/109/61(1)(2) बीएनएस थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त आर्यन:-**

1. मु0अ0सं0 729/24 धारा 109 बीएन 3/25 आयुद्ध अधि0 भादवि थाना गजरौला जनपद अमरोहा।
2. मु0अ0स0 713/2024 धारा 125/109/61(1)(2) बीएनएस थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

**अपराधिक इतिहास अभियुक्त मनित:-**

1. मु0अ0स0 713/2024 धारा 125/109/61(1)(2) बीएनएस थाना गजरौला जनपद अमरोहा।

**गिरफ्तार करने वाली टीम:-**

**थाना गजरौला**

1. प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार थाना गजरौला, अमरोहा।
2. उ0नि0 जितेन्द्र कुमार थाना गजरौला, अमरोहा।
3. उ0नि0 सुभाष चौधरी थाना गजरौला, अमरोहा।
4. हे0का00 114 लोकेश कुमार थाना गजरौला, अमरोहा।
5. का0 1130 सुमित कुमार थाना गजरौला, अमरोहा।
6. का0 330 अमन कुमार थाना गजरौला, अमरोहा।

**एसओजी/सर्विलांस टीम:-**

1. निरी0 रणवीर सिंह प्रभारी निरीक्षक एसओजी टीम।
2. उ0नि0 बिजेन्द्र मलिक प्रभारी सर्विलांस सेल।
3. हे0का0 गौरव शर्मा सर्विलांस सेल जनपद अमरोहा।
4. हे0का0 वाजिद अली सर्विलांस सेल जनपद अमरोहा
5. का0 अरविन्द शर्मा सर्विलांस सेल जनपद अमरोहा।
6. का0 कृष्णवीर सिंह एसओजी टीम जनपद अमरोहा।
7. का0 कमल कुमार सर्विलांस सेल जनपद अमरोहा।
8. का0 राकेश कुमार एसओजी टीम जनपद अमरोहा
9. का0 आशीष कुमार एसओजी टीम जनपद अमरोहा।
10. का0 अंकुर कुमार एसओजी टीम जनपद अमरोहा।
11. का0 लवी चौधरी सर्विलांस टीम जनपद अमरोहा

व थानाध्यक्ष उ0नि0 विकास सहरावत बछरायूं जनपद अमरोहा मय टीम।